# नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के हजारों छात्र पिछले सत्र की राशि का कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत जिले में हजारों छात्र पिछले शिक्षा सत्र की सहायता राशि मिलने की राह देख रहे हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, आवेदन प्रक्रिया और सत्यापन की लंबी प्रक्रिया के कारण बड़ी संख्या में पात्र छात्रों को अब तक योजना का लाभ नहीं मिल सका है। महासमुंद श्रम विभाग से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 की अवधि के भीतर जिले से कुल 20,177 आवेदन प्राप्त हुए थे। इन आवेदनों की जांच के पश्चात अब तक केवल 15,589 छात्रों के खातों में ही छात्रवृत्ति की राशि भेजी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शेष आवेदनों में से 1,766 आवेदकों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई थीं, जिसके कारण उनके आवेदन संबंधित हितग्राहियों को सुधार के लिए वापस कर दिए गए हैं। वहीं, 2,822 आवेदन वर्तमान में विभाग के पास लंबित (पेंडिंग) हैं, जिन पर प्रक्रिया जारी है। वर्तमान स्थिति यह है कि पिछला शिक्षा सत्र समाप्त होने को है और नया शिक्षा सत्र जल्द ही शुरू होने वाला है। ऐसी स्थिति में जिन 2,822 छात्रों के आवेदन अभी भी पेंडिंग हैं, वे आर्थिक सहायता के लिए परेशान हैं। इन छात्रों और उनके अभिभावकों का कहना है कि सत्र के अंत तक राशि न मिलने से पढ़ाई के खर्चों के प्रबंधन में कठिनाई आ रही है।

## आवेदन और सत्यापन की लंबी प्रक्रिया बनी बड़ी समस्या

### लंबित होने के मुख्य कारण

विभागीय सूत्रों के अनुसार, आवेदनों के लंबित होने और वापस किए जाने के पीछे कुछ प्रमुख तकनीकी कारण सामने आए हैं। कई आवेदनों में आधार कार्ड, बैंक पासबुक और शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जानकारी में अंतर पाया गया। बड़ी संख्या में आवेदन होने के कारण जमीनी स्तर पर दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन में समय लग रहा है। कुछ मामलों में बैंक खाते सक्रिय न होने या डीबीटी लिंक न होने से भुगतान में देरी हुई है।



### हितग्राहियों की स्थिति

योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए आर्थिक संबल प्रदान करना है। जिले में बड़ी संख्या में पंजीकृत निर्माण श्रमिक हैं, जिनके बच्चे इस योजना पर निर्भर हैं। छात्रों को उम्मीद है कि नए सत्र की शुरुआत से पहले उनके पिछले सत्र के लंबित आवेदनों का निराकरण कर दिया जाएगा ताकि वे अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें। वर्तमान में, विभाग शेष लंबित आवेदनों की जांच में जुटा है ताकि पात्र छात्रों को जल्द से जल्द योजना का लाभ मिल सके। जिन छात्रों के आवेदन वापस किए गए हैं, उन्हें भी निर्देश दिए गए हैं कि वे त्रुटियों को सुधार कर जल्द से जल्द पुनः जमा करें।

## खबर संक्षेप

### बंटवारा मांग रहे बेटे ने पिता को दी जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** जमीन-घर के बंटवारे की बात पर अपने पिता को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं 3 इमलीभांठा निवासी उमाशंकर निगम (72 साल) ने बताया कि उसका लड़ाका रविकांत करीबन 4 वर्ष पूर्व शादी करने के बाद उसके घर में ही अलग रहता है। प्रार्थी ने बताया कि वह बोन कैंसर से पीड़ित है और उसके साथ उसकी बहन अमोद श्रीवास्तव करीबन 36 साल से रह रही है। उनके पास पैतृक संपत्ति जमीन एवं घर है। जिसके चलते उसका लड़का विगत 10 वर्ष से जमीन-घर का बंटवारा मांगता है। चूंकि वह बीमारी से पीड़ित हैं और आय का साधन नहीं है। खेती को अधिया, रेघ मे देकर उसकी आय से इलाज एवं उसकी बहन का घर चल रहा है। 8 मई को दोपहर करीबन 03 बजे लड़का रविकांत निगम एवं उसकी पत्नी रिंकी ने जमीन घर का बंटवारा मांगते हुए विवाद करने लगे और साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 13 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने ग्राम बरेकेल खुर्द में एक व्यक्ति के घर से 13 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम बरेकेल खुर्द में गीतकुमार अपने घर आंगन में अवैध रूप से हाथ भट्ठी महुआ शराब निर्माण कर बिक्री के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी आरोपी गीतकुमार जोगी पिता प्रकाश जोगी (28 साल) के कब्जे से कुल 13 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमती 2600 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## अपराध : पुलिस अधीक्षक और एएसपी ने किया पूरे घटनाक्रम का खुलासा

# 1.5 करोड़ के गैस गबन मामले में जिला खाद्य अधिकारी मास्टरमाइंड, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने एलपीजी गैस से भरे जब्त कैप्सूलों में हुए बड़े गबन का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस पूरे घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता स्वयं जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव है। पुलिस ने इस मामले में खाद्य अधिकारी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

यह मामला दिसंबर 2025 में सिंघोड़ा पुलिस द्वारा जब्त किए गए 6 एलपीजी गैस कैप्सूलों से जुड़ा है। सुरक्षा कारणों से इन कैप्सूलों को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए कलेक्टर के माध्यम से खाद्य विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी। इसी दौरान खाद्य अधिकारी अजय यादव ने गौरव गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर के साथ मिलकर गबन की योजना बनाई। इन लोगों ने रायपुर के मनीष चौधरी के माध्यम से ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स के संचालक संतोष सिंह ठाकुर से संपर्क किया। 26 मार्च को अजय यादव और पंकज चंद्राकर ने खुद सिंघोड़ा जाकर गैस की मात्रा का आकलन किया और 102 मीट्रिक टन गैस की उपलब्धता पाकर 1 करोड़ रुपये की उगाही का लक्ष्य रखा। अंततः ठाकुर पेट्रोकेमिकल्स के साथ 80 लाख रुपये में डील फाइनल हुई। तय सौदे के अनुसार, 80 लाख रुपये की राशि में से अजय यादव खाद्य अधिकारी को 50 लाख रुपये, पंकज चंद्राकर 20 लाख रुपये, मनीष चौधरी को 10 लाख रुपये मिले हैं। जांच में सामने आया कि खाद्य अधिकारी को 50 लाख रुपये सुपुर्दनामे के अगले ही दिन मिल गए थे। शेष 30 लाख रुपये की सुरक्षा के लिए मनीष चौधरी के बैंक खाते का उपयोग किया गया था।





### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारियां

पुलिस की 40 सदस्यीय टीम ने 15 दिनों तक तकनीकी विश्लेषण और कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की, जिसके बाद इस बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में पंकज चंद्राकर से 1 वन प्लस मोबाइल और 13,000 नगद रुपए, मनीष चौधरी के सोनू ट्रेडर्स से 5,11,900 मूल्य के होम अप्लायंस, 1 मोबाइल और 8,000 नगद एवं अजय कुमार यादव से 1 मोबाइल, 78,800 नगद और एक काला बैग, कुल जब्त संपत्ति मूल्य 6,11,700 को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक न्यास भंग, षड्यंत्र, कूटरचना और शासकीय संपत्ति की हेराफेरी, कालाबाजारी के आरोप में बीएनएस की धारा 316(3), 316(5), 61, 23, 336(3), 338, 340(2) एवं 3/7 ईसी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### कागजी फर्जीवाड़ा और गुमराह करने की कोशिश

खाद्य अधिकारी ने योजनाबद्ध तरीके से पुलिस और प्रशासन को गुमराह किया। उन्होंने अपने कर्मचारियों को सुपुर्दनामा कागजों पर हस्ताक्षर न करने और कैप्सूल का वजन नहीं कराने के निर्देश दिए थे। 92 टन गैस निकालने के बाद, खाद्य अधिकारी के कार्यालय में ही वजन का फर्जी पंचनामा तैयार किया गया। हैरानी की बात यह है कि वजन प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही यह फर्जी रिपोर्ट कलेक्टोरेट में जमा कर दी गई थी।

## जंगलबेड़ा में गोदावरी सोलर प्लांट का विरोध

# थाना प्रभारी-ग्रामीणों के बीच झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जंगलबेड़ा में प्रस्तावित गोदावरी सोलर पावर प्लांट को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार उग्र होता जा रहा है। ग्रामीण 6 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं, लगभग 4 माह हो गए लेकिन अब तक प्रशासन और सरकार आंदोलन समाप्त कराने अथवा ग्रामीणों की मांगों का समाधान निकालने में सफल नहीं हो पाए हैं। इसी बीच गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें प्लांट निर्माण के लिए ट्रकों से सामग्री ले जाए जाने के दौरान धरने पर बैठे ग्रामीण वाहनों को रोकते नजर आ रहे हैं। सरायपाली पुलिस ग्रामीणों को हटाते दिखाई दे रही है। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच झूमाझटकी तथा तीखी बहस की स्थिति भी निर्मित हो गई। आरोप है कि गोदावरी सोलर प्लांट प्रबंधन करीब 400 एकड़ से अधिक भूमि पर बिना ग्रामसभा की अनुमति के निर्माण कार्य करा रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि परियोजना के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की गई है, जिससे वन एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है। साथ ही तालाब और निस्तार भूमि को प्रभावित किए जाने का भी आरोप लगाया जा रहा है।

धरने पर बैठे ग्रामीणों का कहना है ग्रामीणों में शांति गरुड़, सिला गरुड़, उलपी चौहान महेश, दीपक भोई बली गरुड़ ने कहा कि भारी वाहनों को रोकने के पीछे सड़क सुरक्षा और मार्ग संरक्षण का मुद्दा भी है। ग्रामीणों के मुताबिक उन्होंने पहले ही सरायपाली एसडीएम और थाना प्रभारी को आवेदन देकर अवगत कराया था कि यह मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित है, जहां लगातार भारी वाहनों की आवाजाही हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि 15 टन से अधिक भार वाले वाहनों को इस सड़क पर चलाने की अनुमति नहीं है, इसके बावजूद लगातार भारी वाहन प्रवेश कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम में महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थीं, जबकि धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। आरोप है कि पुलिस ने महिलाओं को भी हटाने का प्रयास किया।

वहीं मामले में सरायपाली थाना प्रभारी नीतेश सिंह ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा एक आम रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया था, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। थाना प्रभारी के अनुसार यदि सड़क खराब हो रही है तो संबंधित विभाग द्वारा गोदावरी प्लांट प्रबंधन से जुर्माना वसूला जाएगा, लेकिन किसी को सड़क रोकने का अधिकार नहीं है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर बुजुर्ग महिलाएं भी रास्ता रोककर बैठी थीं और किसी प्रकार की दुर्घटना अथवा अनहोनी की आशंका को देखते हुए उन्हें हटाया गया। उन्होंने कहा कि किसी के साथ जबरदस्ती नहीं की गई तथा थाना के कर्मचारी कई और कार्य में बिजी थे इसलिए वे स्वयं मौके पर पहुंचे थे। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं प्रशासन की ओर से अब तक आंदोलन के समाधान को लेकर कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पहले मामले को लेकर नयापारा निवासी प्रार्थी मोहम्मद अली ने बताया कि वह ऑटो चलाता है। 8 मई को दोपहर 12.45 बजे अपने आटो रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीई 0937 में सवारी भरकर महासमुंद बस स्टैंड से अटल निवास नयापारा जा रहा था। बस स्टैंड साहू दुकान के पास कांता प्रसाद मारकंडे अपने अन्य साथी के साथ मौजूद था। उसे आता देखकर पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का लात एवं लकड़ी के डंडे से मारपीट किया और ऑटो रिक्शा में तोड़फोड़ की। मामले को लेकर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे मामले में महामायापारा के प्रार्थी कामताप्रसाद मारकंडे महामायापारा ने बताया कि 8 मई को के दोपहर 12.36 बजे अपने ई बाइक से तुमाडबरी खाद गोदाम से बोर पंप का काम कर वापस अपने दुकान महामाया तालाब की ओर आ रहा था, तभी तुमगांव चौक के पहले ओवरब्रिज ढलान मोड़ पर रिक्शा चालक मोहम्मद अली ने उसे देखकर अपनी गाड़ी में ब्रेक लगाया और साथ ही ही प्रार्थी ने भी अपनी गाड़ी में ब्रेक लगाया। इस पर रिक्शावाले ने दिखाई नहीं देता है कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# नेशनल लोक अदालत में 66,623 लंबित मामलों का निराकरण, 6.22 करोड़ रुपए के अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण एवं पक्षकारों के त्वरित सुलह एवं समझौते के आधार पर उनके प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से 09 मई 2026 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन 9 मई 2026 को जिला न्यायालय महासमुंद, कुटुंब न्यायालय एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित 27 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया गया।

प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 2 हजार 854 प्रकरणों में 12 लाख 54 हजार एक सौ रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के आठ हजार 769 प्रकरणों में 33 लाख 82 हजार 329 रुपए, श्रम प्रकरण के नौ मामलों में 29 हजार 500 रुपए, एमएसीटी के 25 प्रकरण में. 3 करोड़ 22 लाख 90 हजार रुपए, एनआई एक्ट-138 के 12 प्रकरणों में 37 लाख 445 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 50 हजार 513 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीडों के माध्यम से कुल 66 हजार 623 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 06 करोड़ 22 लाख 82 हजार 394 रुपए की राशि के अवार्ड पारित किए गए।

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह बरोंडा बाजार में रह रहे विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा पुरानी अथवा बेकार पड़ी समाग्रियों से विभिन्न प्रकार के बनाई गई वस्तुओं का प्रदर्शनी हेतु द्वारा स्टाल लगाए गए थे, जिसमें चित्रकला सहक्राफ्ट एवं हस्तशिल्प शामिल है। जिसे संस्था के कला एवं क्राफ्ट शिक्षक केदार धीवर व उनके अन्य सहयोगियों द्वारा प्रदर्शित किया गया था।

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं खंडपीठ क्रमांक-एक के पीठासीन अधिकारी अनिता डहरिया के समक्ष मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरण जो कि लंबित था। जिसे आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के नौ प्रकरणों का निराकरण करते हुए आठ मृतकों के उनके वारिसान 23 हितग्राहियों को एवं एक आहत के लिए कुल एक करोड़ 32 लाख 95 हजार रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार पीठासीन अधिकारी द्वारा समझाईश के बाद प्रकरणों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया गया।



## तत्काल संपर्क करें

फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....

फील्ड मार्केटिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईजर, एजेंसी डेवलपमेंट, कैश कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....

(प्रतिमाह-10000+इंसेंटिव)

कार्य के समय-8 घंटे

सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता)

संपूर्ण बायोडाटा, बैंक डिटेल और आधार कार्ड के साथ कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।

-कार्यालय का पता-

हरिभूमि

जिला कार्यालय प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

मो.नं.99811-31365

## यहां के तेंदूपत्ते की मांग प्रदेशभर के व्यापारियों और ठेकेदारों के बीच सबसे अधिक

# भोंथा-टुहलू का तेंदूपत्ता सबसे महंगा, एक पत्ते से बनती है 2 से 3 बीड़ी

ललित मुखर्जी ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोंथा और टुहलू का तेंदूपत्ता जिले में अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। यहां का तेंदूपत्ता इतना उम्दा माना जाता है कि एक पत्ते से 2 से 3 बीड़ी तक तैयार हो जाती है। यही वजह है कि इन गांवों के तेंदूपत्ते की मांग प्रदेशभर के व्यापारियों और ठेकेदारों के बीच सबसे अधिक रहती है।

वन विभाग के जानकार सूत्रों के अनुसार भोथा और टुहलू क्षेत्र के तेंदूपत्ते का मूल्य जिले में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है। यहां एक मानक बोरा तेंदूपत्ता 11 हजार रुपए से अधिक की कीमत पर ठेकेदारों द्वारा खरीदा जा रहा है, जो महासमुंद जिले में सबसे अधिक माना जा रहा है। बेहतर आकार, मजबूती और गुणवत्ता के कारण इस क्षेत्र का तेंदूपत्ता बाजार में अलग पहचान बना चुका है। गौरतलब है कि महासमुंद जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। हजारों परिवार हर वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं। इस सीजन में भी जंगलों में सुबह से ही महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों की भारी आवाजाही देखी जा रही है।



### तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिल रही कई सुविधाएं

तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए शासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। संग्राहकों को चरणपादुका, बीमा सुविधा सहित अन्य आवश्यक लाभ प्रदान किए जाते हैं। वहीं संबंधित समितियों के अंतर्गत कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। इसके अलावा व्यवसायिक एवं तकनीकी कोर्स की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति का लाभ देकर उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### सर्वाधिक संग्रहण का जिम्मा पिथौरा को

डिप्टी डीएम तेंदूपत्ता एआर बंजारे ने बताया कि जिले के महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली क्षेत्रों में कुल 75 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियां संचालित हैं। इस वर्ष जिलेभर में 91 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें पिथौरा वन परिक्षेत्र को इस वर्ष सबसे अधिक 25 हजार मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष तेंदूपत्ता खरीदी की समर्थन दर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त गुणवत्ता के अनुसार संग्राहकों को प्रोत्साहन राशि का भी लाभ दिया जाता है। वहीं भोथा और टुहलू जैसे उच्च गुणवत्ता वाले क्षेत्रों में तेंदूपते की बाजार कीमत समर्थन मूल्य से कहीं अधिक पहुंच रही है, जिससे संग्राहकों को बेहतर आर्थिक लाभ मिल रहा है। जिले भर में अब तक करीब 50 प्रतिशत मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी पूरी की जा चुकी है।

**खबर संक्षेप**



### सकरी में लगा शिविर, 664 आवेदनों का निराकरण

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत शुक्रवार को जिले के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम संकरी में जनसमस्या निवारण शिविर लगा। इसमें विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन लेकर लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में मौजूद विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने कुल आए 877 आवेदनों में से 664 का मौके पर ही निराकरण किया। शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड एवं नवीनीकरण, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विधायक अभनपुर इन्द्रकुमार साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम अभनपुर रवि सिंह, जनपद पंचायत सीईओ दीपक ठाकुर, अभनपुर तहसीलदार सीता शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर स्टेडियम पहुंचे लिया तैयारियों का जायजा



**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने 10 एवं 13 मई को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेडियम में आने वाले दर्शकों की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ऑनलाइन बुकिंग के बाद रायपुर पहुंचने वाले दर्शकों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त वॉलिंटियर तैनात किए जाएं। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

### कविता नगर बोरियाखुर्द में हुई नाले की सफाई



रायपुर। जोन-10 अंतर्गत कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड-54 क्षेत्र अंतर्गत कविता नगर बोरियाखुर्द के नाले में गंदगी के कारण जाम हो गया था। बारिश के पूर्व इस नाले की शुक्रवार को जेसीबी की मदद से सफाई कराई गई। सफाई होने के बाद अब इस नाले के कारण क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं बनेगी।

### लाइफ जैकेट पहनकर नदी में उतरने की सलाह

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई घटना के मद्देनजर नगर निगम रायपुर के जोन-8 क्षेत्र अंतर्गत खारून नदी में नाव चलाने वाले एवं मछली पकड़ने वाले मछुआरा संघ के साथ जोन अधिकारियों ने बैठक की। इस बैठक में मछुआरा संघ के सदस्यों को जबलपुर हादसे की जानकारी देते हुए उन्हें नदी में नाव चलाते समय लाइफ जैकेट जैसे सुरक्षा उपकरण पहनने की समझाईश दी।

# कलमीझर जलाशय से सिंचाई व्यवस्था बदहाल, किसानों में भारी आक्रोश

**पिथौरा (ग्रामीण)।** कलमीझर जलाशय से जुड़ी सिंचाई व्यवस्था को लेकर ग्राम घोंच और घोघरा के किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि पिछले 15 वर्षों से दोनों गांवों के किसान सिंचाई समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार अनदेखी कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि जलाशय की नहर और नालियों की स्थिति लगातार जर्जर होती जा रही है, जिसके कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कई बार लिखित शिकायत और मौखिक सूचना देने के बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

किसानों का कहना है कि एक ओर सरकार किसान हित और बेहतर सिंचाई सुविधा की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर अधिकारी-कर्मचारी योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित रख रहे हैं। किसानों ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व मनरेगा के तहत जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन और किसानों की पहल से 15 से 18 लाख रुपए के मिट्टी कार्य स्वीकृत हुए थे। विभाग द्वारा आंशिक कार्य कराने के बाद बिना किसी सूचना के शेष राशि और कार्य को लैप्स कर दिया गया। इससे मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

किसानों ने आरोप लगाया कि विभागीय कर्मचारियों द्वारा शिकायत करने पर "तुम लोग खुद काम कर लो, जेसीबी लगाओ" जैसे जवाब दिए जाते हैं। किसानों के अनुसार अधिकारियों की लापरवाही के कारण घोघरा गांव के लगभग 70 प्रतिशत खेत और घोंच गांव के 100 प्रतिशत खेत सिंचाई सुविधा से वंचित हैं। इससे दोनों गांवों के किसानों में शासन और प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस दौरान किसान एवं जनप्रतिनिधि रूपचंद साहू (सरपंच घोघरा), पवन साहू (सरपंच घोंच), पप्पू साहू (उपसरपंच घोंच), आज्ञाराम, नुवत साहू, मोती साहू, मनबोध साहू, तुलेंद्र साहू, तुका साहू, महेंद्र साहू, तुकासेन, झाड़ूराम, रघुनंदन साहू, युगल किशोर, अजय बारिहा, राजू साहू, हीरामन साहू सहित बड़ी संख्या में किसानों ने दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# सेवानिवृत्त डाक कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

**पिथौरा (ग्रामीण)।** उप डाकघर पिथौरा अंतर्गत शाखा डाकघर पटेवा के बीपीएम नम्मूलाल, किशनपुर के पोस्टमैन परीक्षित साहू तथा झलप के पोस्टमैन प्रेम विश्वकर्मा के सेवानिवृत्त होने पर उप डाकघर परिसर पिथौरा में सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीण डाकसेवकों एवं पिथौरा स्टाफ द्वारा तीनों कर्मचारियों को साल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर उप डाकपाल भूपेंद्र साहू, डाक सहायक गजराज ध्रुव, ब्रांच पोस्ट मास्टर जीत कुमार चंद्राकर एवं हितेश पटेल सहित अन्य कर्मचारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवाओं की सराहना की। उप डाकपाल भूपेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में कर्मचारियों से लगन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ विभागीय कार्यों एवं लक्ष्यों को पूर्ण करने की अपील की। वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी अपने सेवा काल के अनुभव साझा करते हुए विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पवन गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन पोस्टमैन दिगेंद्र सोनी ने किया। इस दौरान पिथौरा उप डाकघर के 24 शाखा कार्यालयों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शक्कर-नमक, अब चालू माह में होगा वितरण

# प्रदेश की 365 दुकानों में पहुंचा नहीं अप्रैल में एपीएल चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश में अप्रैल में दो से तीन लाख के करीब एपीएल कार्ड धारकों को चावल के साथ शक्कर एवं नमक का वितरण नहीं हो पाया। इसका कारण प्रदेश में संचालित 365 उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण ही नहीं किया जा सका। हालांकि छूटे हुए कार्ड धारकों को मई में खाद्यान्न का वितरण करने का आदेश जारी हुआ है। इसके लिए ईपॉस मशीन में साफ्टवेयर में पिछले महीने का ऑप्शन भी खोल दिया गया है, जिसके बाद अब छूटे हितग्राहियों को भी खाद्यान्न मिलना शुरू हो गया है।

### रायपुर जिले में 80 दुकानों में नहीं पहुंच पाया

रायपुर जिले में 80 उचित मूल्य दुकानों में एपीएल चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण नहीं हो पाया। इसके कारण इन दुकानों में पंजीकृत हितग्राहियों हजारों हितग्राहियों को चावल, शक्कर एवं नमक का वितरण भी नहीं हो पाया। इन छूटे हितग्राहियों को अब मई में अप्रैल का खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। जिले में जिन दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण नहीं हो पाया है, उनमें रायपुर शहर की 28 दुकानें, धरसींवा की 25, गोबरा-नेवरा में 6, आरंग-4 तथा तिल्दा एवं अभनपुर में 1-1 दुकान शामिल है।


हरिभूमि सरोकार

हितग्राहियों को लौटना पड़ रहा खाली हाथ

दूसरे दिन भी बंद रहीं ई-पॉस मशीनें, बंट नहीं पाया खाद्यान्न

केस:1

केस:2

केस:3

केस:4

### माह खत्म होने के बाद शक्कर की आपूर्ति

*अप्रैल खत्म हो गया, लेकिन दुकानों में शक्कर ही नहीं पहुंच पाई। विभागीय सूत्रों के अनुसार इसका कारण सहकारी कारखानों से ही शक्कर की सप्लाई नहीं हो पाना है। कुछ दिनों पहले ही कारखानों से शक्कर की सप्लाई नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में शुरू हो पाई है। इसका भंडारण कराने के बाद अब विभाग उचित मूल्य की दुकानों में इसकी सप्लाई कराना शुरू कर दी है, ताकि पिछले महीने के साथ मई माह में भी जिन हितग्राहियों को शक्कर नहीं मिली है, उन्हें वितरण किया जा सके।*

### तीन माह का चावल वितरण भी जारी

*चावल उत्सव के तहत एपीएल को छोड़कर अन्य वर्ग के कार्ड धारकों को तीन महीने का चावल वितरण किया जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में प्रदेशभर में लगभग 90 प्रतिशत हितग्राहियों को चावल वितरण किया जा चुका है, वहीं शेष हितग्राहियों को चालू माह में तीन माह का चावल वितरण किया जा रहा है। इनमें भी लाखों में हितग्राहियों को शक्कर मिल नहीं पाई है।*

### वितरण किया जा रहा

*अप्रैल में छूटे हुए हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है, जो भी हितग्राही खाद्यान्न नहीं ले पाएं हैं, वे दुकानों में जाकर ले सकते हैं।*

*- भूपेंद्र मिश्रा*
*खाद्य नियंत्रक रायपुर*

# नशे में दुरुपयोग होने वाली दवाइयों की खरीदी-बिक्री सहित अन्य दस्तावेज अपडेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- एफडीए की टीम ने ली थोक दवा कारोबारियों की बैठक
- नारकोटिक एवं साइकोट्रॉपिक पर विशेष निगाह रखने पर जोर

नशे के रूप में दुरुपयोग की जाने वाली दवाईयों की खरीदी-बिक्री सहित अन्य दस्तावेजों को हमेशा अपडेट रखने की नसीहत थोक दवा कारोबारियों को दी गई है। इसके अलावा उन्हें नारकोटिक, साइकोट्रॉपिक सहित उन दवाओं की बिक्री विशेष सावधानी के साथ करने की हिदायत दी गई है जो प्रतिबंधित है। इसके अलावा जांच टीम द्वारा भाठागांव इलाके में कोटपा एक्ट के तहत जांच अभियान भी चलाया।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सही दवा और शुद्ध आहार का अभियान 11 मई तक संचालित होगा। इसके तहत जांच के साथ जागरुकता का काम किया जा रहा है। शुक्रवार को जांच टीम ने थोक दवा कारोबारियों की बैठक लेकर उन्हें दस्तावेजों और ड्रग एक्ट के नियम के मुताबिक कारोबार करने की हिदायत दी। उन्हें ऐसी दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण एवं वितरण से संबंधित सभी अभिलेखों, स्टॉक रजिस्टर, बिल-बाउचर, प्रिस्क्रिप्शन रिकॉर्ड तथा अन्य दस्तावेजों का नियमानुसार एवं पारदर्शी रूप से संधारण करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान दवा कारोबारियों और उनके परिवार को नशे से दूर रहने की सामूहिक शपथ दिलाई। इसके अलावा दवा व्यापारियों को आम लोगों को नशे के दुष्परिणाम से अगवत कराने जनजागरूकता के प्रयास करने का सुझाव दिया। इस बैठक के अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भाठागांव इलाके में कोटपा एक्ट के तहत अभियान चलाया। अभियान के दौरान 40 चालान से 3750 रुपये का जुर्माना वसूल किया। चलाए जा रहे अभियान में औषधि निरीक्षक हंसा साहू, प्रीती उपाध्याय, नीरज साहू, टेकचंद धिरहे, सुरेश साहू, ओमप्रकाश यादव एवं ईश्वरी नारायण लगातार जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं।

# खरीफ सीजन में बंटेगा 88 सौ करोड़ का ऋण अब तक किसानों ने उठाए 741 करोड़ रुपए

**मंत्री केदार कश्यप ने की समीक्षा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खरीफ सीजन 2026 के मद्देनजर राज्य के किसानों को खाद, बीज और ऋण की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज नया रायपुर स्थित निवास कार्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पैक्स (पीएएक्स) समितियों में किसानों की मांग के अनुसार समय पर खाद और प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाएं। चालू सीजन के लिए 8,800 करोड़ रुपये के कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 741 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। बताया गया है कि कुल 10 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5.42 लाख मीट्रिक टन (54 प्रतिशत) का भंडारण पूरा हो चुका है। वर्तमान में समितियों में यूरिया (2.56 लाख टन), डीएपी (67 हजार टन), एनपीके (1.01 लाख टन), पोटाश (39 हजार टन) और एसएसपी (78 हजार टन) उपलब्ध है। मंत्री श्री कश्यप ने डीएपी की संभावित वैश्विक कमी को देखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वैकल्पिक उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए और किसानों को इसकेउपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# हमर अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




रायपुर शहर जिला कांग्रेस द्वारा हमर अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन किया गया। रायपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार में जनता को सिर्फ कागजों पर ही निः शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है।

श्री मेनन ने कहा, कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई हमर अस्पताल योजना में हर वार्ड में स्वास्थ्य केंद्र, डॉक्टर, नर्स पैरामेडिकॉल स्टाफ, शुगर ब्लड प्रेशर जांच सुविधा के साथ दवाई भी उपलब्ध रहती थी। लेकिन अब व्यवस्था बदहाल हो गई है। छत्तीसगढ़ के निवासी निः शुल्क चिकित्सा सुविधा के अभाव में जहां एक ओर प्राईवेट अस्पताल में जाकर चिकित्सा सुविधा के नाम पर अपनी जीवन भर की गाड़ी कमाई को लुटा कर आर्थिक कंगाली का शिकार हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रदेश के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले एवं मध्यम वर्ग के लोग शासकीय अस्पतालों में जाकर स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में समय से पूर्व काल के गाल में समाकर मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। केन्द्र शासन दुआरा कहने को तो आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के नाम पर देश के नागरिकों को साल में पांच लाख रुपए तक अनुदान राशि दिया जाता हैं जबकि हकीकत यह हैं कि वह राशि कई कई महीने तक जारी नहीं होती, इसलिए प्राईवेट अस्पताल इस योजना से इलाज करने से साफ इन्कार कर देते हैं।

# बारिश से पहले नालों की सफाई पर मंथन जल भराव होने पर जोन कमिश्नर और स्वास्थ्य अधिकारी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बारिश का सीजन शुरू होने से पहले सभी जोन क्षेत्र में छोटे-बड़े नालों की सफाई को लेकर निगम मुख्यालय में बैठक हुई। इस बैठक में महापौर मीनल चौबे ने दो टूक कहा कि किसी भी जोन क्षेत्र में बारिश के सीजन में नालों के कारण जलभराव की स्थिति बनी, तो इसके लिए उस क्षेत्र के जोन कमिश्नर एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने, अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के पूर्व जल भराव की समस्या दूर करने सुगम निकास प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी नालों की अच्छी तरह से सफाई कराएं। बैठक में सभी जोन के अध्यक्ष, कमिश्नर एवं स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।




### बाधक पाटों को हटाकर करें सफाई

महापौर ने बैठक में कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बाधक पाटों को भी हटाने की कार्रवाई करें, ताकि नालों की गंदगी सड़कों तक नहीं आ पाए। उन्होंने कहा कि सभी जोन कमिश्नर अपने-अपने जोन में आपदा प्रबंधन उपकरण की जांच और परीक्षण तत्काल करें तथा आवश्यकतानुसार उनकी मरम्मत करवाकर उन्हें तैयार रखे। उन्होंने कहा कि जलभराव के हालात बनने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## एक ही चरण में होंगे दोनों चुनाव, 4 जून को परिणाम

# स्थानीय निकायों के आम-उप निर्वाचन, 1 जून को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने आज दिनांक 08 मई 2026 को राज्य के नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम-उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है। कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकायों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम-उप निर्वाचन की कार्रवाई 11 मई से प्रारम्भ होकर 4 जून तक होगी।

नगरपालिकाओं के अध्यक्ष के 05 पद तथा वार्ड के पार्षद के 77 पद, कुल 82 पदों तथा त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के 10. सरपच के 82 तथा पच के 1136 पद, कुल 1228 रिक्त पद की पूर्ति हेतु नाम निर्देशन पत्र 11 मई 2026 से 18 मई 2026 तक प्राप्त किये जाएंगे, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को होगी तथा 21 मई 2026 तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। नगरीय निकायों हेतु मतदान तिथि 01 जून 2026 एवं परिणामों की घोषणा 04 जून 2026 को की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु मतदान एवं मतगणना 01 जून 2026 को की जाएगी, सारणीकरण एवं परिणामों की घोषणा दिनांक 04 जून 2026 को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही ऐसे नगर पालिकाओं के एवं पंचायत क्षेत्रों में जहां निर्वाचन सम्पन्न होना है, आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है।




### आयुक्त ने दी ये जानकारी

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया की आयोग द्वारा आम-उप निर्वाचन हेतु विहित कार्यक्रम जारी कर जिला निर्वाचन अधिकारियों को, कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की कार्यवाही करने के निर्देश प्रसारित कर दिये है तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से निर्वाचन संपन्न कराने हेतु आयोग द्वारा व्यापक तैयारियां कर ली गई है। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकायों के कुल 44525 मतदाता तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के कुल 1037789 मतदाता निर्वाचन में भाग लेंगें। मतदान के लिए नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु कुल 115 तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के अंतर्गत कुल 937 मतदान केन्द्र निर्धारित किये गये है। नगरीय निकायों के निर्वाचन दलीय आधार पर ईव्हीएम (मतदान मशीनों) से तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन गैर दलीय आधार पर मतपेटी के माध्यम से कराए जाएंगे। सभी नगरीय निकायों में मतदान प्रातः 8बजे से सायं 5 बजे तक तथा त्रिस्तरीय पंचायतों में मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। मतदान के समय मतदाताओं के पहचान को सुगम बनाने के लिए आयोग द्वारा 18 पहचान पत्र निर्धारित किए गए है जिसमें से किसी भी एक पहचान पत्र को मतदाता द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान की अनुमति दी जा सकेगी। आयोग की सचिव, शिखा राजपूत तिवारी ने बताया निर्वाचन में पारदर्शिता एवं आदर्श आचरण संहिता के पालन तथा नगरीय निकायों में अध्यक्ष पदों के लिए निर्धारित व्यय सीमा पर निगरानी रखने के लिये कुल 5 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये गये है तथा समस्त निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी हेतु 33 सामान्य प्रेक्षक की नियुक्ति कर ली गई है।

# ऑफलाइन सट्टा का बड़ा खिलाड़ी पुलिस गिरफ्त में, नागपुर से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश के कई राज्यों में ऑफलाइन सट्टा संचालित करने वाले एक बड़े खिलाड़ी को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सटोरियों को पुलिस ने तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पकड़े गए नमन जग्गी, आयुष जैन की निशानदेही पर गिरफ्तार किया है।



- पुलिस गिरफ्त में आया ऊंची रसूख वाला

बताया जा रहा है, पुलिस ने नागपुर से जिस सटोरिये को गिरफ्तार किया है, उसे बचाने पुलिस के पास कई रसूखदार लोग कॉल कर चुके हैं। कॉल वालों में महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के लोग शामिल हैं। पुलिस ने नागपुर से जिस सटोरिए को गिरफ्तार किया है, बताया जा रहा है, वह राजनीतिक रसूख के दम पर कई राज्यों में सट्टा संचालित कर रहा है। पुलिस ने अंकित राकेश अग्रवाल को नागपुर की एक पॉश कालोनी से गिरफ्तार किया है। नमन और आयुष जैन सहित अन्य पर सट्टा नेटवर्क से जुड़े लोगों को पैनल और तकनीकी सपोर्ट उपलब्ध कराने का आरोप है। पुलिस का दावा है कि आरोपी लंबे समय से करोड़ों रुपये के ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सट्टा कारोबार का संचालन कर रहा था।

### फर्जी आईडी से करोड़ों का ट्रांजेक्शन

प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस को अंकित राकेश के कई फर्जी आईडी से बैंक अकाउंट संचालित होने की जानकारी मिली है। उन अकाउंट से अंकित राकेश द्वारा करोड़ों रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया है। अंकित राकेश का नागपुर के साथ रायपुर में कई बैंक अकाउंट होने के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है। पुलिस अंकित राकेश के ट्रांजेक्शन की जांच कर रही है। अंकित राकेश से पूछताछ के आधार पर पुलिस आने वाले दिनों में सट्टा सिंडिकेट से जुड़े कई और बड़े नामों का खुलासा कर सकती है।

## खबर संक्षेप

### 11 को अछोला हाई स्कूल में समाधान शिविर

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित किए जा रहे सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत महासमुंद एवं बसना अनुभाग में समाधान शिविर के लिए निर्धारित कुछ स्थलों में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिले में शिविर 01 मई से 10 जून 2026 तक विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आयोजित किए जा रहे हैं। जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार महासमुंद अनुभाग में 11 मई 2026 को पूर्व निर्धारित हाईस्कूल मैदान, पीढ़ी के स्थान पर अब हाई स्कूल मैदान अछोला में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 25 मई 2026 को हाई स्कूल मैदान कछारडीह के स्थान पर शासकीय प्राथमिक शाला सलिहाभाटा ग्राम पंचायत तोरला में शिविर आयोजित होगा। वहीं बसना अनुभाग अंतर्गत नगर पंचायत बसना में पूर्व निर्धारित 24 मई 2026 के स्थान पर अब 22 मई 2026 को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजनों से संशोधित तिथि एवं स्थल के अनुसार शिविर में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं समस्या निराकरण सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर युवा राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया शरबत वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर युवा राजपूत क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में नगर में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से भीषण गर्मी में आमजन एवं राहगीरों को शीतल शरबत वितरित कर सेवा एवं मानवता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग एवं स्वाभिमान को स्मरण करते हुए समाज के युवाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।



इस अवसर पर युवा राजपूत क्षत्रिय समाज के गुमान सिंह ठाकुर, गोविंद सिंह, परमेश्वर पप्पू ठाकुर, वैभव सिंह तोमर, सूर्या ठाकुर, राजेश सिंह, अंकुश गौर, प्रकाश सिंह, विक्रम सिंह, जयदित्य प्रताप सिंह, तुषार ठाकुर, वाशु राजपूत एवं राघवेंद्र सिंह, कौशल सिंह, पूरन सिंह, सौरभ तोमर,चंपेश्वर सिंह सहित समाज के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज प्रमुख के रूप में उदयपाल भदौरिया, भरत ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, एसएस गौतम, सुधीर ठाकुर, मनोहर ठाकुर एवं उपमा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महाराणा प्रताप के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना एवं समाज में सेवा, एकता और स्वाभिमान की भावना को मजबूत करना रहा।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 11 मई को सिरपुर के गंधेश्वर महादेव मंदिर में विशेष आयोजन

**महासमुंद।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष के विशेष आयोजन अंतर्गत आगामी 11 मई 2026 को प्रातः 09 बजे पुरातात्विक एवं धार्मिक नगरी सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के विशिष्ट आतिथ्य में मुख्य आयोजन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, स्टेज निर्माण, एलईडी स्क्रीन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जनरेटर, लाइट एवं माइक व्यवस्था साथ ही सिरपुर महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सभी जनपद पंचायतों, ग्राम सचिवों एवं कोटवारों के माध्यम से गांव-गांव मंस मुनादी एवं बैठकों के जरिए जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पेयजल एवं टॉयलेट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। कलेक्टर लंगेह ने राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम आयोजन के समय-सारणी के अनुसार 11 मई को सुबह 09 बजे अतिथियों का मंदिर परिसर में आगमन, 9.30 बजे शिव स्तुति, भजन,दीप प्रज्ज्वलन एवं महारती, 10 बजे से से 10.20 बजे तक शिव भजन एवं नृत्य प्रस्तुति, 10.20 से 10.30 तक सोमनाथ संवाद, 10.30 से 11 बजे भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण एवं 11.15 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### कांपा के ग्रामीणों ने लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर विधायक से लगाई गुहार

**बिरकोनी।** ग्राम कांपा के ग्रामवासियों की लंबित मांग लो-वोल्टेज की समस्या का विधायक की पहल के बाद निराकरण किया गया। कनकी तालाब के पास कम कैपेसिटी के ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए ग्रामीण बिजली विभाग के चक्कर कई बार लगा चुके थे। विद्यार्थी को भी पढ़ाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। वार्ड वासियों ने बताया कि लो-वोल्टेज के समस्या के कारण पानी भरने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को लेकर सरपंच विकास चंद्राकर और ग्रामीणों ने लोहारडीह में आयोजित सुशासन तिहार के माध्यम से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के समक्ष अपनी समस्या बताई। विधायक सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके चलते ग्राम कांपा में 24 घंटे के अंदर ही 25 केवी को तत्काल बदलकर 63 केवी नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिससे ग्रामीणों को लो वोल्टेज के समस्या से निजात मिला। समस्या का निराकरण होने पर सरपंच विकास चंद्राकर, उपसरपंच अनूपा यादव, लखन खंडेलवाल, गुमानदास, टाकेश्वर बंजारे, कुबेर, जीत कुमार, हेमंत कुर्रे, गणेश बंजारे, विशेसर, लुकेश सहित ग्रामीणों ने विधायक का आभार माना।



### सेवानिवृत्ति पर मुरलीधर वर्मा को डाइट परिवार द्वारा दी गई विदाई

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में सहायक प्राध्यापक के रुप में कार्यरत मुरलीधर वर्मा को उनके अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर डाइट परिवार द्वारा उन्हें सम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि एमडी वर्मा एक कुशल गणित शिक्षक के साथ-साथ एक अच्छे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं। उन्होंने संपूर्ण जीवन शिक्षा जगत को समर्पित किया है। उप प्राचार्य उमादेवी शर्मा ने कहा कि वर्मा कन्या उमावि स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल जैसे उत्कृष्ट विद्यालय में कार्य करते हुये शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया है। डाइट में महज 5 महीने का संक्षिप्त कार्यकाल में उल्लेखनीय रहा है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक राजेश चंद्राकर के. सिंग, सुलमा द्विवेदी व्याख्याता संतोष साहू, टेकराम सेन, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्मा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालयीन स्टाफ से सुनील मरकाम, सुनील साहू, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, योगेंद्र पांडेय, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, तरुण चंद्राकर, हिरामन, अजय, उदित ने उनके स्वर्णिम कार्यकाल का उल्लेख करते हुये उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से मुरलीधर वर्मा को सम्मान दिया।



## सात दिवसीय पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्व जयदेव सतपथी महाविद्यालय बसना के तत्वावधान में आयोजित किया गया। पत्रकारिता प्रशिक्षण शिविर में सेवक दास दीवान ने व्याख्यान में बताया कि साहित्य एवं पत्रकारिता, उसके मूल सिद्धांत, पत्रकारिता का उद्भव एवं विकास,स्वतंत्र पत्रकारिता,लेखन विधाएं, पत्रकारों का दायित्व एवं आचार संहिता, हिंदी पत्रकारिता की प्रवृत्तियां व उद्देश्यों के विषयों पर छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया। प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सेवक दास दीवान के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन साधना प्लस न्यूज के स्टेट हेड ऋषिकेशन दास ने भी पत्रकारिता के संबंध में अपने विचारों को व्यक्त किया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन प्राध्यापक एन के प्रधान के द्वारा किया गया। अंत में वरिष्ठ पत्रकार सेवक दास दीवान का महाविद्यालय बसना के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र साव, शिवराम निषाद प्राध्यापक, सुनीता साहू व्याख्याता सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीईओ बीएल देवांगन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा महासमुंद जिला में नवागंतुक जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन से कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन एवं जिलाध्यक्ष अनिल पटेल के नेतृत्व में सौजन्य भेंट करते हुये गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सदैव शिक्षा व शिक्षार्थी हित में कार्य करते हुये महासमुंद जिला को अग्रणी बनाने में योगदान दिया है और सतत जारी रहेगा। समस्त पदाधिकारियों का परिचय कराते हुये उप



प्रांताध्यक्ष टेकराम ने कहा कि देवांगन एक कुशल व शिक्षा के क्षेत्र में चिंतन करने वाले अधिकारी रहे हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने कहा कि छग शिक्षक संघ अपने उच्च आदर्शों के कारण एक अलग पहचान स्थापित किया है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी, टेकराम सेन, नंद किशोर सिन्हा, प्रमोद कन्नौजे, अनिल पटेल, राजेश शर्मा, भागवत जगत, किशोर कुमार रथ, टोहन देवांगन, जिला सचिव जयराम पटेल, टेकेश्वर जायसवाल, कोमल साहू, लता वैष्णव, डी. बसंत कुमार साव, प्रकाश टंडन, लिंगराज देवांगन, बसंत साहू सहित जिले एवं विकासखंडों के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।






**खबर संक्षेप**




## सोहम में आज शिविर

**महासमुद।** स्थिम जन सेवा समिति के तत्वावधान में 10 मई 2026 रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सोहम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्त्री रोग, सायटिका, कमर दर्द, घुटना दर्द एवं सर्वाइकल संबंधी समस्याओं की विशेषज्ञ जांच एवं परामर्श उपलब्ध रहेगा। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, सोनोग्राफी एवं बोन डेंसिटी जांच निःशुल्क की जाएगी। समिति ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की है।

## एकलव्य स्कूल के लिए अनिल का चयन

**महासमुंद।** भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उ मावि में



वर्तमान में अध्ययनरत छात्र अनिल कुमार दीवान का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए हुआ हैं। वह सत्र 2025-26 में कक्षा दशम में अध्ययनरत था। उन्होंने एकलव्य विद्यालय में चयनित होकर अपने शिक्षकों का, विद्यालय का और अपने परिवार का नाम रौशन किया हैं।

## यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा, यातायात व्यवस्था सचमुच भगवान भरोसे दिख रही है। पुलिसकर्मी मुख्य चौराहों के बजाय कोनों में छिपकर चालान काटने और मोटरसाइकिल में बैठकर मोबाइल चलाने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं। जाम सुचारू करने के बजाय राजस्व वसूली पर ध्यान है।

**आयोजन :** नीलांचल भवन से मंगल भवन तक निकली भव्य कलश यात्रा, सुमित सपत्नीक बने मुख्य यजमान

# विधायक के जन्मदिवस पर भक्तिमय हुआ बसना अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के जन्मदिवस 10 मई के उपलक्ष्य में क्षेत्र की सुख-समृद्धि और मंगल कामना हेतु दो दिवसीय अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक आयोजन की शुरुआत आज 9 मई को पूरे विधि-विधान और भक्तिमय वातावरण के साथ हुई।

महायज्ञ के प्रथम दिन आज नीलांचल भवन से एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जय राम और हरे कृष्णा के जयघोष के साथ यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए मंगल भवन पहुँची। यहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की गई, जिसके साथ ही 'हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे' के महामंत्र का अखंड जाप प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर महायज्ञ का शुभारंभ किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान के रूप में भाजपा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुमित अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सोनिया अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने मंगल भवन में कलश स्थापना के पश्चात मुख्य यजमान के रूप में पूजा-अर्चना संपन्न की। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि भक्ति और संकीर्तन से न केवल मन को शांति मिलती है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जनसेवा के संकल्प के साथ ईश्वर का आशीर्वाद लेना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। भाजपा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुमित अग्रवाल ने विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को उनके जन्मदिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बेहद सौभाग्य का विषय है कि विधायक के जन्मदिन की शुरुआत इस पावन 'अष्ट प्रहरी हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ' के साथ हो रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत यदि ईश्वर के



नाम और भक्ति के साथ हो, तो वह न केवल व्यक्ति के लिए बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लिए कल्याणकारी सिद्ध होती है। भाजपा प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुमित अग्रवाल ने कहा कि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का जीवन जनसेवा को समर्पित रहा है और उनके जन्मदिवस पर आयोजित यह आध्यात्मिक अनुष्ठान उनकी इसी सेवा भावना को दैवीय शक्ति प्रदान करेगा।

भाजपा प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुमित अग्रवाल ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा कि दो दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन से निकलने वाली सकारात्मक ऊर्जा पूरे बसना क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि विधायक के व्यक्तित्व में धर्म और सेवा का जो संगम दिखता है, यह आयोजन उसी का प्रतिबिंब है। इस महायज्ञ के माध्यम से हम सभी ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं, ताकि वे निरंतर इसी ऊर्जा के साथ क्षेत्र के विकास और जन-कल्याण के कार्यों में संलग्न रहें। उनके जन्मदिवस पर भक्ति का यह प्रवाह पूरे समाज को एकजुट करने और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा। जिला संयोजक सुमित अग्रवाल ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय महायज्ञ में कुल 7 आमंत्रित मंडलियों द्वारा नाम संकीर्तन, भजन और नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। ये दल अपनी कला और भक्ति के माध्यम से पूरे वातावरण को कृष्णमय बनाएंगे। आयोजन का समापन कल 10 मई को विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के जन्मदिवस पर होगा। इस दिन महायज्ञ की पूर्णाहुति दी जाएगी, जिसके पश्चात विशाल महाप्रसाद का वितरण होगा। सुमित अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

इस आध्यात्मिक उत्सव के अवसर पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का संपूर्ण परिवार अपनी अटूट श्रद्धा के साथ सम्मिलित हुआ, जिससे आयोजन का स्वरूप एक पारिवारिक और आत्मीय उत्सव में बदल गया। कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से न केवल कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, बल्कि विधायक के प्रति अपने स्नेह और सम्मान को भी प्रदर्शित किया।

# छत्तीसगढ़ में अब कानून का नहीं, अपराधियों का जंगलराज चल रहा है : द्वारिकाधीश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने प्रदेश की वर्तमान कानून व्यवस्था पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक विफलता इस कदर बढ़ गई है कि अब आम जनता ही नहीं, बल्कि पद्म से सम्मानित विभूतियां भी सुरक्षित नहीं हैं।



हाल ही में राजनांदगांव में पद्म फूलबासन बाई यादव के अपहरण की दुस्साहसिक कोशिश का हवाला देते हुए विधायक यादव ने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि प्रदेश की एक प्रतिष्ठित समाजसेविका को उनके घर से धोखे से उठाकर ले जाया गया। यदि ट्रैफिक पुलिस की तत्परता न होती, तो कोई भी अनहोनी हो सकती थी। यह घटना प्रमाणित करती है कि अपराधियों के मन से पुलिस और कानून का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है।

### प्रशासनिक विफलता और जनता में भय

विधायक यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध, लूट, अपहरण और असुरक्षा के माहौल ने जनता का विश्वास तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल विज्ञापनों में 'सुशासन' का दावा कर रही है, जबकि हकीकत में राज्य 'जंगलराज' की ओर बढ़ रहा है। प्रशासन पूरी तरह से पंगु हो चुका है और अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। विधायक यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को तुरंत नहीं सुधारा गया और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने मांग की कि फूलबासन बाई यादव मामले के सभी मास्टरमाइंड्स पर कठोरतम कार्रवाई हो ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो सके।




